रांची, मंगलवार
06.01.2026 | 03
प्रभात खबर

युवाओं को नशे से बचाना मुख्य उद्देश्य : न्यायायुक्त

विधिक जागरूकता कार्यक्रम

वरीय संवाददाता, रांची

युवाओं को नशे की लत से दूर रखने और जागरूक बनाने के उद्देश्य से नालसा द्वारा संचालित डॉन-2025 (ड्रग फ्री एंड अफीम जनक फ्री नेशन) योजना के तहत सोमवार को व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत हुई. न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 ने व्यवहार न्यायालय परिसर से नशा-मुक्ति जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना है. कार्यक्रम पांच से 12 जनवरी तक चलेगा. कार्यक्रम के पहले दिन व्यवहार न्यायालय परिसर और फिरायालाल चौक पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया गया. जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि नशे के खिलाफ पूरा समाज एकजुट है. डालसा सचिव राकेश रौशन ने बताया कि आगामी दिनों में निबंध, वाद-विवाद, क्विज, पोस्टर, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी.इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी, प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट, डालसा सचिव, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, पीएलवी, एलएडीसीएस के सदस्य, न्यायालय कर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे.



नुक्कड़ नाटक के जरिये दी नशा से होनेवाले दुष्परिणाम की जानकारी.

दैनिक जागरण
रांची, 06 जनवरी, 2026

शहर में युवाओं के लिए शुरू किया गया नशामुक्ति जागरूकता अभियान

जागरण संवाददाता, रांची : युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा नालसा की योजना डान-2025 के तहत व्यापक विधिक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 5 जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का आयोजन न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर तथा न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के नेतृत्व में किया जा रहा है। अभियान के पहले दिन व्यवहार न्यायालय परिसर एवं फिरायालाल चौक पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

इसके साथ ही न्यायायुक्त द्वारा नशामुक्ति जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर व्यवहार न्यायालय परिसर से रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, फैमिली कोर्ट पवन कुमार, एजेसी अमित शेखर एवं योगेश कुमार, डालसा सचिव राकेश रौशन, निर्वाचक प्रशांत कुमार वर्मा, सभी न्यायिक पदाधिकारी, जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही, अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, एलएडीसीएस चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी, न्यायालय कर्मी, जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे। जागरूकता रैली के दौरान पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को नालसा की डान योजना के बारे में जानकारी दी गई तथा नशामुक्ति से जुड़े नारों का उद्घोष किया गया। न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 ने कहा कि ड्रग-फ्री इंडिया के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं में जागरूकता बेहद आवश्यक है।

वहीं जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही ने कहा कि नशे के खिलाफ समाज और न्यायिक व्यवस्था एकजुट है तथा ये रास टू लाइफ, नो टू ड्रग्स केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में निबंध, बहस, क्विज, पोस्टर, स्लोगन, पेंटिंग प्रतियोगिताएं, झुग्गी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आउटरीच कार्यक्रम, शैक्षणिक संस्थानों में संवेदनशीलता कार्यक्रम, आनलाइन जागरूकता, शपथ ग्रहण तथा राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल झालसा के अध्यक्ष सुजित नारायण, न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा व अन्य = जागरण

दैनिक भास्कर, रांची, मंगलवार, 6 जनवरी, 2026

नशा मुक्त समाज... विधिक जागरुकता रैली निकली

रांची| युवाओं को नशे की लत से दूर रखने और उन्हें कानूनी व सामाजिक रूप से जागरूक बनाने के उद्देश्य से नालसा द्वारा संचालित 'डॉन–2025' योजना के तहत रांची में विधिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम पांच जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन झालसा अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर रांची के न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन सिविल कोर्ट रांची के परिसर व फिरायालाल चौक पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

हिन्दुस्तान रांची, मंगलवार, 6 जनवरी 2026 09

नशामुक्ति के लिए 'डॉन' शुरू, होंगे डिबेट व क्विज

रांची, संवाददाता। युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने और समाज में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से नालसा द्वारा संचालित 'डॉन-2025' योजना के तहत रांची में व्यापक विधिक जागरुकता अभियान शुरू हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (न्यायायुक्त) अनिल कुमार मिश्रा-प्रथम के नेतृत्व में यह विशेष कार्यक्रम 5 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

अभियान के पहले दिन सोमवार को न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोग स्वयं सड़क पर उतरे। न्यायायुक्त ने नशा-मुक्ति जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सिविल कोर्ट परिसर और फिरायालाल चौक पर भव्य रैली निकाली गई और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर प्रहार किया गया।

न्यायायुक्त ने कहा कि ड्रग-फ्री इंडिया के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को जागरूक करना अनिवार्य है। डालसा सचिव राकेश रौशन ने बताया कि 12 जनवरी यानी राष्ट्रीय युवा दिवस तक चलने वाले इस अभियान के तहत निबंध, वाद-विवाद, क्विज, आउटरीच कार्यक्रम व शैक्षणिक संस्थानों में सेंसिटाइजेशन सेशन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन माध्यमों से भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।